# कार्यालय सचिव माध्यमिक शिक्षा परिषद, उत्तर प्रदेश प्रयागराज।

## विज्ञप्ति

सर्व साधारण के सूचनार्थ विज्ञापित एवं प्रसारित की जाती है कि माध्यमिक शिक्षा परिषद, उत्तर प्रदेश प्रयागराज द्वारा संचालित वर्ष 2025 की हाईस्कूल परीक्षा में इम्प्रूवमेन्ट/कम्पार्टमेन्ट तथा इण्टरमीडिएट की कम्पार्टमेन्ट परीक्षा हेतु अर्ह परीक्षार्थियों का आनलाइन आवेदन विगत वर्षो की भॉति माध्यमिक शिक्षा परिषद की आधिकारिक वेबसाइट **upmsp.edu.in** पर दिनांकः 19.05.2025 से 10.06.2025 की मध्यरात्रि 12.00 बजे तक स्वीकार्य किया जायेगा।

1. **हाईस्कूल परीक्षा में इम्प्रूवमेन्ट/कम्पार्टमेन्ट के सम्बन्ध में:–**

इम्प्रूवमेन्ट परीक्षा के अन्तर्गत परीक्षार्थी अपने अनुत्तीर्ण हुये एक विषय में तथा कम्पार्टमेन्ट परीक्षा के अन्तर्गत परीक्षार्थी अपने अनुत्तीर्ण हुये 02 विषयों में से केवल किसी एक विषय में ही परीक्षा में सम्मिलित हो सकते है। परीक्षा शुल्क रू0 256.50 ( दो सौ छप्पन रूपये पचास पैसे) निर्धारित है।

2. **इण्टरमीडिएट कम्पार्टमेन्ट परीक्षा के सम्बन्ध में:–**

इण्टरमीडिएट कम्पार्टमेन्ट परीक्षा में मानविकी, वैज्ञानिक एवं वाणिज्य वर्ग से सम्मिलित परीक्षार्थी किसी एक विषय में, कृषि भाग–1 एवं भाग–2 में निर्धारित विषयों में से किसी एक प्रश्नपत्र में एवं व्यवसायिक वर्ग के ट्रेड विषय के किसी एक प्रश्नपत्र में अनुत्तीर्ण परीक्षार्थी कम्पार्टमेन्ट परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु अर्ह माने जायेंगे। परीक्षा शुल्क रू0 306.00 ( रूपये तीन सौ छः ) निर्धारित है।

परीक्षार्थी द्वारा निर्धारित परीक्षा शुल्क को कोषागार में चालान के माध्यम से माध्यमिक शिक्षा परिषद, उत्तर प्रदेश के निम्नांकित मानक मद में जमाकर शुल्क के चालान की मूल प्रति के साथ हाईस्कूल इम्प्रूवमेन्ट/कम्पार्टमेन्ट परीक्षा एवं इण्टरमीडिएट की कम्पार्टमेन्ट परीक्षा के आनलाइन भरे गये आवेदन की प्रति को डाउनलोड करके निर्धारित अंतिम तिथि 10.06.2025 के पश्चात 03 दिन के अन्दर परिषद के सम्बन्धित क्षेत्रीय कार्यालय को रजिस्टर्ड डाक के माध्यम से भेजना अनिवार्य होगा।

**कोषागार में चालान के माध्यम से शुल्क जमा करने हेतु निर्धारित मानक मद**

0202 –शिक्षा, खेल, कला और संस्कृति

01 –सामान्य शिक्षा

102 –माध्यमिक शिक्षा

02 –बोर्ड की परीक्षाओं का शुल्क

09 –कम्पार्टमेन्ट/इम्प्रूवमेन्ट परीक्षा एवं प्राप्तांक शुल्क

हाईस्कूल परीक्षा में इम्प्रूवमेन्ट/कम्पार्टमेन्ट परीक्षा के लिखित तथा प्रयोगात्मक/प्रोजेक्ट (आन्तरिक मूल्यॉकन) एवं इण्टरमीडिएट की कम्पार्टमेन्ट परीक्षा के लिखित एवं प्रयोगात्मक दोनो भागों में अनुत्तीर्ण रहे परीक्षार्थियों को दोनो भागों की परीक्षा में सम्मिलित होना होगा। किसी विषय के दोनो में से किसी एक भाग में अनुत्तीर्ण तथा दूसरे भाग में उत्तीर्ण परीक्षार्थी केवल अनुत्तीर्ण भाग में अथवा यदि चाहें तो अनुत्तीर्ण तथा उत्तीर्ण दोनो भागों की परीक्षा में सम्मिलित हो सकते है। इनकी लिखित एवं प्रयोगात्मक परीक्षाओं की परीक्षा तिथियों की सूचना पृथक से विज्ञापित करायी जायेगी।

16/5/2025

(भगवती सिंह)

सचिव

पृ0सं0—मा0शि0प0 / सिस्टम सेल / 176(1-6) दिनांकः 16 मई 2025

उक्त की प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः—

1. प्रदेश के समस्त दैनिक समाचार पत्र के सम्पादकों को इस अनुरोध के साथ प्रेषित है कि कृपया इसे अपने दैनिक समाचार पत्र के मुख्य पृष्ठ पर जनहित में निःशुल्क प्रकाशित करने का कष्ट करें।
2. उपसचिव, माध्यमिक शिक्षा अनुभाग—7 उत्तर प्रदेश शासन लखनऊ।
3. शिक्षा निदेशक (माध्यमिक) एवं सभापति, माध्यमिक शिक्षा परिषद, उत्तर प्रदेश, 18 पार्क रोड लखनऊ।
4. मण्डलीय संयुक्त शिक्षा निदेशक, समस्त मण्डल, उत्तर प्रदेश।
5. अपर सचिव, माध्यमिक शिक्षा परिषद, क्षेत्रीय कार्यालय, मेरठ / बरेली / प्रयागराज / वाराणसी / गोरखपुर को इस निर्देश के साथ कि जनहित में इसका अधिक से अधिक प्रचार—प्रसार कराना सुनिश्चित करें।
6. जिला विद्यालय निरीक्षक, समस्त जनपद उत्तर प्रदेश को इस निर्देश के साथ कि जनहित में इसका अधिक से अधिक प्रचार—प्रसार कराना सुनिश्चित करें ताकि कोई भी अर्ह परीक्षार्थी आवेदन से वंचित न रहे।

16/5/2025

(भगवती सिंह)

सचिव